न्यायालय संभागीय आयुक्त, बीकानेर
अपील संख्या– 12/2019 निगरानी अंतर्गत
नियम 30 नगरीय भूमि निष्पादन नियम 1974
(GCMS No.- 2019/00059)

अनवानः
1. बालूसिंह पुत्र श्री कुन्दन सिंह राजपूत निवासी लाडनू हाल निवासी शिव कॉलोनी शिवबाड़ी रोड़ बीकानेर जरिये मु.आ. श्रीमती गंगा कंवर पत्नी बालूसिंह निवासी शिव कॉलोनी शिवबाड़ी रोड़, बीकानेर।

बनाम

1. नगर विकास न्यास बीकानेर जरिये सचिव नगर विकास न्यास बीकानेर।
2. भंवर सिह पुत्र मांगू सिंह राजपूत निवासी अंबेडकर कॉलोनी बीकानेर।
3. विजयसिंह पुत्र मस्तानसिंह राजपूत निवासी शिवबाड़ी बीकानेर।

5-4-23 आज यह पत्रावली अपीलांट बालू सिंह जरिये मु.आ. गंगाकंवर पत्नि श्री बालू सिंह द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र पर पेशी में ली गई। अभिभाषक अपीलांट श्री सतपाल सहू उपस्थित। अभिभाषक अपीलांट एवं अपीलांट ने इस न्यायालय के समक्ष प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि अपीलांट्स एवं रेस्पोडेन्ट्स के मध्य पंच पंचायती से राजीनामा हो गया है तथा अब कोई विवाद शेष नहीं रहा है। अपीलांट अब अपनी अपील आगे नहीं चलाना चाहता हैं एवं अपील विड्रो करना चाहता है।

हमने प्रार्थी एवं अभिभाषक प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र तथा पत्रावली में उपलब्ध दस्तावेजों का अवलोकन किया। यह अपील नगर विकास न्यास बीकानेर के पट्टा विलेख आदेश दिनांक 10.01.2014 के विरूद्ध इस न्यायालय में विचाराधीन है। प्रस्तुत प्रार्थना पत्र के अनुसार प्रार्थी इस अपील को आगे चलाना नहीं चाहते एवं विड्रो करना चाहते है। अतः यह अपील अपीलांट जरिये विड्रावल (withdrawal) इसी स्तर पर खारिज की जाती है। आदेश सुनाया गया। अधिनस्थ न्यायालय का रिकार्ड मय आदेश की प्रमाणित प्रति प्रेषित हो। अपील नंबर से कम होकर पत्रावली बाद तरतीब तकमील दाखिल दफ्तर हो।

(डॉ. नीरज के. पवन)
संभागीय आयुक्त,
बीकानेर

E Nimay 2020